पत्रांक–2/टी०–08/2025–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विद्यानन्द जमादार
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

डा० रवीन्द्र कुमार,
विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (शिशु रोग),
पिता–स्व० राम लखन प्रसाद,
ग्राम–सोराडीह, डीह पर,
पो०–सोराडीह, थाना–हरनौत
जिला–नालन्दा (बिहार), पिन–803110

पटना, दिनांक / / 2025

विषय : स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में योगदान समर्पित करते हुए अनुपस्थिति हेतु स्पष्टीकरण समर्पित करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग: आपका आवेदन दिनांक–03.05.2025

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना (IGIMS) से सीनियर रेजिडेन्ट का टेन्योर दिनांक–10.04.2021 को समाप्त होने के पश्चात आपके द्वारा दिनांक–10.07.2023 को (02 वर्ष 03 माह विलम्ब से) योगदान संबंधी आवेदन विभाग में समर्पित किया गया है। अग्रेत्तर नीट एस०एस०, 2023 में चयनित होकर आपके द्वारा DM Cardiology कोर्स करने हेतु MGM College and Hospital, Jaipur में नामांकन लिया गया। उक्त हेतु NOC लेने/विरमित होने का कोई साक्ष्य आवेदन के साथ संलग्न नहीं है।

2. वर्त्तमान में DM Cardiology कोर्स से त्याग पत्र देकर अपने पूर्व पदस्थापित स्थान यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरपोखरी, भोजपुर में योगदान करने हेतु विभाग से अनुमति हेतु आपके द्वारा अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभागीय अधिसूचना सख्या–1545(2) दिनांक–18.11.2021 के द्वारा अध्ययनोपरान्त/प्रशिक्षणोपरान्त चिकित्सको को स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में योगदान समर्पित करने का ओदश दिया गया है। तदनुसार आपके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरपोखरी, भोजपुर में योगदान समर्पित करने का अनुरोध करना नियमानुकूल नहीं है।

3. उक्त संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार योगदान का आवेदन समर्पित करने के पश्चात उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज करने हेतु आप भौतिक रूप से विभाग में कभी उपस्थित नहीं हुए है। इस प्रकार इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना से सीनियर रेजिडेन्ट का टेन्योर पूर्ण होने के पश्चात यथा दिनांक–11.04.2021 से आप लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है।

4. वर्णित स्थिति में निदेशानुसार कहना है कि अविलम्ब स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) योगदान समर्पित करते हुए उपर्युक्त कंडिका–01 तथा दिनांक–11.10.2021 से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण अविलम्ब समर्पित करना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त सम्बन्ध में नियमानुसार निर्णय लिया जा सके।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(विद्यानन्द जमादार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–2/टी०–08/2025– 1089(2) पटना, दिनांक 30/6/2025

प्रतिलिपि महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकरी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव/अपर सचिव/सभी संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–03, 09, 17, 18ए स्वास्थ्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : श्री अमीत कुमार, डेटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी०मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/6/25

सरकार के अवर सचिव।

D \Sec 2 data\HCL_DISK2\Sec-2\2025 data\sec-Letter(T)2025 docx